Public education
Discover a world of opportunities

प्री-प्राइमरी

रीडिंग: घर पर सीखना

रीडिंग (पढ़ने) के और अधिक सुझाव

मिलकर पढ़ना

अपनी संतान के साथ पढ़ते समय:

- उन्हें किताबों में चित्रों को देखने दें ताकि उन्हें यह आभास दिलाया जा सके कि कहानी किस बारे में है
- कहानी और चित्रों में जो घटित हो रहा है उसके बारे में बात करें
- कहानी में आने वाले मुख्य शब्दों पर विशेष ध्यान दिलाएँ और उन शब्दों की व्याख्या करें जिन्हें सम्भवत: वे न जानते हों
- उन्हें तुक मिलाने वाले शब्दों या कहानी में बार-बार दोहराए जाने वाले वाक्यांशों को अपने साथ बोलने के लिए प्रोत्साहित करें
- रुककर उनसे पूछें: *आपको क्या लगता है कि आगे क्या होगा?* और *आपको ऐसा क्यों लगता है?* – उनके जवाब स्वीकार करें, भले ही वे बिल्कुल सही न हों
- उनसे किताब में आने वाले वृत्तातों और किरदारों के बारे में पूछें
- आपके पढ़ना बंद करने पर कहानी के बारे में बात करें या उनसे कहें कि वे अपने शब्दों में कहानी दोबारा बतायें – इससे उन्हें कहानी के प्रारम्भिक भाग, मध्य भाग और अंतिम भाग की पहचान करने में मदद मिलती है
- उनके सवालों का जवाब दें भले ही वे कहानी के प्रवाह में बाधा डालें – याद रखें, आपने उनसे उनके विचारों के बारे में पूछा था!

जैसे-जैसे आपकी संतान पढ़ना सीखती है वैसे-वैसे उनकी बहुत सराहना करना वास्तव में महत्वपूर्ण होता है। जब वे किताब पढ़ने का प्रयास करें तो उनकी सराहना करें। यदि उनसे कुछ गलत हो जाए तो आलोचना करने से बचें, भले ही ऐसा करना आपको आसान प्रतीत होता है। कुछ बच्चों को काफी अभ्यास और प्रोत्साहन की ज़रूरत होती है।

पढ़ने के लिए बहुत सी चीजें होती हैं जैसे कि बाल कविताएँ; कहानियों की किताबें; नॉन-फिक्शन किताबें; डायनासोर और पालतू पशुओं से सम्बन्धित किताबें; ऐसी किताबें जिन्हें आपने मिलकर बनाया हो; हंसी-मज़ाक वाली कहानियाँ और कविताएँ; चुटकुलों की किताबें; वेबसाइट्स और CD किताबें; कॉमिक बुक्स; समाचार-पत्र, कैटलॉग और पत्रिकाएँ; रेसपी बुक्स; स्ट्रीट मैप्स; और शब्दावलियाँ।

रीडिंग करने (पढ़ने के) तरीके

- जब आपकी संतान किसी ऐसे शब्द पर आती है जिसकी जानकारी उसे नहीं होती है, तो उन्हें शब्द के अक्षरों को देखने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें पूरे शब्द या शब्द के कुछ भाग को बोलने की कोशिश करने के लिए कहें – उन्हें ऐसा करने के लिए समय दें।
- यदि आपको लगता है कि आपकी संतान को शब्द पता है, तो उन्हें वाक्य की शुरुआत में जाकर एक बार फिर से प्रयास करने के लिए कहें। कभी-कभी ऐसा करने से बाकी की कहानी को सुनते हुए उन्हें शब्द का अंदाज़ा लगाने में मदद मिलती है।
- यदि आपको लगता है कि आपकी संतान को शब्द नहीं पता है, तो उस शब्द को उसके लिए बोलें और फिर उन्हें पढ़ना जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करें।
- कहानी के अंत में, उन शब्दों पर दोबारा ध्यान दें जो आपकी संतान को नहीं पता थे और उन्हें इनकी जानकारी लेने में मदद करें।

जिन बच्चों को घर में पढ़ने में आनन्द आता है उनके स्कूल में पढ़ने की प्रारम्भिक गतिविधियों में सफल होने की संभावना और अधिक होती है।

Department of
Education

आपको और अधिक जानकारी
education.wa.edu.au पर
होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015

CC BY